आनंदालय

सामयिक परीक्षा - 1

कक्षा : आठवीं

विद्या सवर्थि साधिका

विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 30

दिनांक: 19-07-2023 | समय: 1घंटा 30 मिनट

सामान्य निर्देश:

1. यह प्रश्न पत्र दो खंडों में विभाजित है: 'अ' और 'ब'
2. खंड 'अ' में कुल तीन बहुविकल्पीय प्रश्न(उपप्रश्नों सहित) हैं और खंड 'ब' में दो वर्णनात्मक प्रश्न (उपप्रश्नों सहित ) हैं |
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रमसंख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है |
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

## खंड- 'अ'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

श्रावण मास के श्रवण नक्षत्र में राजा महाबली अपनी प्रजा का हाल - चाल जानने के लिए पृथ्वी पर आते हैं और उनके आने की खुशी में केरलवासी 'ओणम' का त्योहार मनाते हैं | लोग रंग-बिरंगे फूलों से अपने घर आँगन को सजाते हैं | बालक बालिकाएँ हाथों में टोकरियाँ उठाए फूल तोड़ने प्रातः ही निकल पड़ते हैं | इन्हीं फूलों से घर की स्त्रियाँ कलात्मक रंगोलियों की रचना करती हैं | केरल के हर घर में जन-जीवन नृत्य मय हो जाता है | मंदिरों में देवताओं के लिए उत्सव मनाया जाता है, गजों की साज-सज्जा करके जुलूस निकाले जाते हैं | हर ओर नृत्य और गायन मानो बिखर जाता है | उत्सव का मुख्य आकर्षण 'नौका-दौड़' होती है, विशेष रूप से अरुणाकुलम और कोचीन के बीच में कायल झील में | इन नावों को खूब सजाया जाता है तथा बीस से चालीस व्यक्ति तक इन्हें चलाते हैं | यह त्योहार करीब दस दिनों तक चलता है | नौवें दिन हर घर में भगवान विष्णु की मूर्ति बनाई जाती है, जिसकी पूजा की जाती है तथा महिलाएँ उसके इर्द-गिर्द नाचती हुई 'थप्पतिकलि' करती हैं | 'वल्लसन' व्यंजन विशेष रूप से बनाया जाता है | केरल सरकार इसे पर्यटक त्योहार के रूप में मनाती है |

(i) राजा महाबली अपनी प्रजा का हाल-चाल जानने के लिए पृथ्वी पर किस मास में आते हैं ?

(क) माघ मास में (ख) कार्तिक मास में

(ग) ज्येष्ठ मास में (घ) श्रावण मास में

(ii) लोग अपने घर-आँगन को किस चीज से सजाते हैं ?

(क) चित्रकारी द्वारा (ख) रंग-बिरंगे गुब्बारों से

(ग) रंग-बिरंगे फूलों से (घ) अबीर-गुलाल से

(iii) 'ओणम' त्योहार का मुख्य आकर्षण है -

(क) नृत्य (ख) नौका-दौड़ (ग) रंगोलियाँ (घ) मिठाइयाँ

(iv) '<u>गजों</u> की साज - सज्जा करके जुलूस निकाले जाते हैं' - रेखांकित शब्द का पर्यायवाची होगा -

(क) गधों (ख) हाथियों (ग) घोड़ों (घ) नावों

(v) अरुणाकुलम और कोचीन के बीच कौन - सी झील है ?

(क) कायल झील (ख) डल झील (ग) चिलका झील (घ) मानसरोवर झील

2. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए | (7X1=7)

(i) निम्नलिखित में से किसका प्रयोग सही उदाहरण प्रस्तुत करता है ?

(a) वर्ण-विच्छेद : ज+ल+ज (b) अनुस्वार : हंस (c) अनुनासिक: हँसी (d) नुक्ता : ज़य हो

उपर्युक्त वर्तनी व्यवस्था में से कौन-सा /कौन-से कथन सही है /सही हैं ?

(क) (a), (b)और © (ख) (b) और (c) (ग) केवल (c) (घ) केवल (d)

(ii) "<u>शिक्षा</u> मानव जीवन को सही दिशा प्रदान करती है |"- रेखांकित संज्ञा का भेद है -

(क) व्यक्तिवाचक (ख) जातिवाचक (ग) भाववाचक (घ) कोई नहीं

(iii) "बाज़ार से कुछ लेते आना"| - वाक्य में कौन-सा सर्वनाम प्रयुक्त हुआ है ?

(क) निजवाचक (ख) निश्चयवाचक (ग) संबंधवाचक (घ) अनिश्चयवाचक

(iv) निम्न में से विलोम शब्दों का असंगत युग्म है -

(क) विस्तार x धृष्ट (ख) तुच्छ x महान

(ग) विरोध x समर्थन (घ) साक्षर x निरक्षर

(v) किस शब्द में 'अप' उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है -

(क) अपयश (ख) अपवाद (ग) अपव्यय (घ) अपनापन

(vi) 'नायिका ' शब्द में कौन-सा प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है -

(क ) इका (ख) इक (ग) का (घ) यिका

(vii) 'मुदित महिपत मंदिर आये,सेवक सचिव सुमंत बुलाए |' - काव्य पंक्तियों में अलंकार है -

(क) अनुप्रास (ख) मानवीकरण (ग) पुनरुक्ति प्रकाश (घ) यमक

3. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए | (4X1=4)

(i) दीवानों के हृदय में किस असफ़लता का बोझ है ?

(क) भिखमंगों जैसा न बन पाने का

(ख) स्वच्छंद प्यार लुटाने का

(ग) लोगों को उदार और प्रसन्न न बना पाने का

(घ) लोगों के साथ सुख-दुःख बाँटने का

(ii) दीवाने सुख-दुःख को किस भाव से ग्रहण करते हैं ?

(क) सुखी भाव से (ख) मस्ती के भाव से
(ग) एक सामान भाव से (घ) दुखी भाव से

(iii) लेखक और बदलू के मध्य किन विषयों पर घंटो बातें होती ?
(क) लाख की चूड़ियों पर (ख) शहरी जीवन के बारे में
(ग) गाँव के जीवन पर (घ) धंधे की बातें

(iv) पाठ में वर्णित बस के बारे में कौन-सा कथन सही नहीं है ?
(क) खूब वयोवृद्ध थी (ख) डाकिन थी (ग) अनुभवी थी (घ) आरामदायक थी

<u>खंड- 'ब'</u>

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 से 70 शब्दों में दीजिए - (3x3=9)

(i) दीवाने अपने जीवन को किस प्रकार जीते हैं तथा वे दुनिया वालों से क्या अपेक्षा करते हैं ?
(ii) "बदलू का व्यक्तित्व काँच की चूड़ियों की तरह नहीं था कि आसानी से टूट जाता |" कथन के आलोक में स्पष्ट कीजिए कि लेखक ने ऐसा क्यों कहा ?
(iii) 'बस की यात्रा' पाठ में लेखक ने असहयोग और सविनय अवज्ञा आंदोलन का वर्णन किस संदर्भ में किया है ? स्पष्ट कीजिए |
(iv) लेखक कामतानाथ और हरिशंकर परसाई ने समाज में व्याप्त किन समस्याओं को उजागर करने का प्रयास किया है ?

5. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (5x1=5)

(क) मेरा प्रिय विषय
संकेत बिंदु-
-आकर्षण का करण
-प्रेरणा
-भावी योजना
-उपसंहार

(ख) कर्म ही पूजा है
संकेत बिंदु-
-कर्म का संदर्भ
-कर्म-फल की अवधारणा
-परिणाम की चिंता किए बिना कर्म-पथ पर आगे बढ़ना
-सफलता का मूल मंत्र
- उपसंहार

(ग) महँगाई : देश की एक विकट समस्या

संकेत बिंदु-

-महँगाई निरंतर विकास की ओर

-गरीबों पर कुप्रभाव

-बच्चों की पढ़ाई पर प्रभाव

-उदाहरण